हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 मई 2024, समय 1810

- हरियाणा में मतदान शांतिपूर्ण रहा, लोकसभा चुनाव लड़ रहे 223 उम्मीदवारों और करनाल विधानसभा का उपचुनाव लड़े 9 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ई.वी.एम. में बंद हुआ, मतगणना 4 जून को होगी।
- हरियाणा में शाम 5 बजे तक 55.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- सिरसा लोकसभा हलके में 5 बजे तक सर्वाधिक 59 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।
- मतदान में बुजुर्गों सहित विभिन्न वर्गों के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।
- हरियाणा के गुरूग्राम जिले के बादशाहपुर विधानसभा हलके से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का निधन हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बी.जे.पी. के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया।

..............................................................................................

हरियाणा में आज मतदान शांतिपूर्ण रहा। विभिन्न वर्गों से संबंधित मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया और इसके साथ ही हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे 223 उम्मीदवारों और करनाल विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है। मतगणना 4 जून को होगी।

प्रदेश में मतदान के लिए 20 हज़ार 31 मतदान केंद्रों पर वोट देने के लिए 45 हज़ार 576 इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल किया गया।

पुलिस के लगभग 35 हज़ार जवानों और अर्द्धसैनिक बलों की लगभग110 कंपनियों ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्नकरवाने में मदद की।

*"हरियाणा में आज भीष्ण गर्मी के बावजूद शाम 5 बजे तक लगभग 56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अभी तक अंबाला लोकसभा हलके के अंतर्गत यमुनानगर विधानसभा क्ष्ेत्र में सबसे अधिक लगभग 66 प्रतिशत मतदान हुआ है। युवाओं से लेकर बुर्जुगों तक मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। हालांकि मतदान 6 बजे समाप्त हा गया है, अभीभी लोग मतदान केंद्रों के अंदर मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। जो मतदाता 6 बजे तक मतदान केंद्र के अंदर थे वे अपना वोट दे सकेंगे। मतदान के बाद इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को प्रदेश भर में बनाए गए 91 मतदान केंद्रों में रखवा दिया जाएगा। स्ट्रॉग रूम के बाहर कड़ी सुरक्षा रहेगी। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी चंडीगढ़"*

..............................................................................................

हरियाणा में आज 5 बजे तक 55.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकडों के अनुसार अभी तक सिरसा लोकसभा हलके में सर्वाधिक 59.57 प्रतिशत और गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 51.75 प्रतिशत मतदान हुआ है। रोहतक संसदीय क्षेत्र में 58.28प्रतिशत और कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में 58.38 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी तरह भिवानी महेंद्रगढ़ में 56.11 प्रतिशत, अंबाला लोकसभा हलके में 58.44 प्रतिशत, हिसार लोकसभा क्षेत्र 53.85 प्रतिशत मतदान हुआ।

जबकि करनाल में 55.71 प्रतिशत, और सोनीपत में 55.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में अन्य कई लोकसभा क्षेत्रों के मुकाबले मतदान की रफतार कुछ सुस्त रही है।

इस लोकसभा क्षेत्र में 5 बजे तक 53.64 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

..............................................................................................

हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए मतदान में सियासी हस्तियों, बुर्जुगों युवाओं और खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

बुर्जुगों की मतदान में भागीदारी बाद दोपहर जारी रही। नारायणगढ़ विधानसभा के गांव खानपुर राजपुताना में 78 वर्षीय कमलेश कुमारी, जुलाना के करेला गांव में 90 वर्षीय धर्मो ने वोट देने का फर्ज निभाया वहीं दिव्यांग रणवीर सिंह ने फरीदाबाद के पृथला में मतदान किया।

*"हरियाणा में आज सभी दस लोकसभा सीटों पर मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया हालांकि कई इलाकों में गर्मी की वजह से बीच 2 में मतदान की रफ्तार सुस्त भी रही। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में पहली बार वोट देने वाले युवाओं में मतदान के प्रति विशेष रूचि देखने को मिली। युवा कतारों में खड़े नजर आए, मतदान के बाद कई युवा लड़के – लड़कियों कहा कि वे विकास और राष्ट्र की प्रगति के लिए वोट देकर आए है। रोचक यह रहा कि कई 85 वर्ष से बड़ी आयु के बुजुर्गों ने घर से मतदान की सुविधा न लेकर मतदान केंद्र पर जा कर वोट डाला, जिससे कई लोग प्रेरित हुए। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी चंडीगढ़"*

अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज नीतू और साक्षी ने आज पहली बार गांव घनाना मे मतदान किया।

..............................................................................................

अंबाला लोकसभा सीट से बी.जे.पी. प्रत्याशी बंतो कटारिया ने पंचकूला के मनसा देवी परिसर में बने मतदान केंद्र के बूथ नंबर 23 पर अपना वोट डाला।

हरियाणा की पूर्व मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने भी इसी बूथ पर मतदान किया। भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से बीजेपी प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने भिवानी में, करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मनोहर लाल ने करनाल के प्रेमनगर स्थित बूथ नंबर 174 पर और कुलदीप बिश्नोई

एवं भव्य बिश्नोई ने हिसार के आदमपुर में बूथ नंबर 54 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

हिसार से बीजेपी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने सिरसा में अपना वोट डाला।

हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ में, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बनवारी लाल ने बावल में, सिरसा में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला, जेजेपी अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और दिगविजय सिंह चौटालाने अपने परिवार के साथ मतदान किया।

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने फरीदाबाद में अपना वोट डाला, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल के परिवार से कांग्रेस नेता अनिरूद्ध चौधरी ने भिवानी में, विधायक दीपक मंगला ने पलवल की आई टी आई बूथ नंबर 39 पर मतदान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज लोकसभा सीट के साथ विधानसभा सीट के लिए करनाल में अपना वोट डाला।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कुरूक्षेत्र के गांव मिर्जापुर में, कुरूक्षेत्र हलके से बी जे पी प्रत्याशी नवीन जिंदल और उनकी पत्नी शालू जिंदल ने थानेसर में, फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह ने फरीदाबाद में वोट डाला।

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने हिसार में, परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अंबाला के गांव नन्यौला गांव मे मतदान किया।

हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष एवं सिरसा से विधायक गोपाल कांडा ने सिरसा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना के गांव डांगरा, सिरसा से बी जे पी प्रत्याशी अशोक तंवर ने सिरसा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला के गांव मिर्जापुर मे मतदान किया।

जींद से विधायक डॉ. कृष्ण मिड्डा और फरीदाबाद में पूर्व कैबिनेट मंत्री विपल गोयल ने मतदान किया।

पानीपत शहर से विधायक प्रमोद विज और पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा ने पानीपत में मतदान किया।

...............................................................................................

हरियाणा के गुरूग्राम जिले के बादशाह पुर विधानसभा हलके से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का आज निधन हो गया।

सुबह करीब 10 बजे तबीयत खराब होने पर उन्हें पालम विहार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृत्यु का कारण ह्दयघात बताया गया है। राकेश दौलताबाद ने बादशाहपुर से तीन बार विधायक का चुनाव लड़ा। दो बार इंडियन नेशनल लोक दल की टिकट पर वे चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

तीसरी बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उन्होंने बीजेपी के मनीष यादव को हरा कर जीत दर्ज की। वे अपने पीछे पत्नी और दो बच्चे छोड़ गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और कहा है कि विधानसभा में प्रमुख सहयोगी रहे राकेश दौलताबाद के आकस्मिक निधन से वे आहत और स्तब्ध है।

उन्होंने कहा कि राकेश दौलताबाद के अचानक चले जाने से हरियाणा की राजनीति में शून्यता आई है। बी जे पी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी राकेश दौलताबाद के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

..........................................................................................

हरियाणा में करनाल सीट पर आज विधानसभा उपचुनाव हेतू वोट डाले गए। जहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस विधानसभा सीट के लिए शाम 5 बजे तक यहां 41 प्रतिशत मतदान हुआ है। कांग्रेस की तरफ से तरलोचन सिंह और जननायक जनता पार्टी के राजेंद्र मदान, करनाल विधानसभा सीट से उम्मीदवार है।

..........................................................................................